राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

माध्यमिक पाठ्यक्रम : चित्रकला

पाठ 9 : समकालीन भारतीय कला

कार्यपत्रक - 9

1. भारत में समकालीन भारतीय कला के विषय में आप क्या सोचते हैं, संक्षेप में लिखिए।

2. 'पाश्चात्य तक़नीक तथा भारतीय अध्यात्म का सम्मिश्रण भारतीय कला का सार बन गया', इस कथन की अपने शब्दों में व्याख्या कीजिये ।

3. 'वर्लपूल' चित्र इंटाग्लियो तक़नीक से बना है। कुछ अन्य चित्र जो इस तकनीक से बने हैं उनकी पहचान कीजिये ।

4. अपनी कलाकृतियों में चित्रकार कृष्णा रेड्डी ने सामान्यतया प्रकृति की शक्ति को बांधा है। अपनी कलाकृतियों में उन्होंने और कौन से विषय प्रयोग किये हैं?

5. 'वर्ड्स एंड सिंबल्ज़' चित्र को एक प्रयोगात्मक प्रकार की कृति क्यों माना जाता है?

6. के.सी.एस.पानिकर की किसी अन्य कलाकृति की अपने शब्दों में व्याख्या कीजिये ।

7. 'मेडीवल सेंट्स' कृति फ़्रेस्को बुनो तक़नीक से बनी है। इस तक़नीक से बनी अन्य कलाकृतियों की पहचान कीजिये तथा किसी एक का वर्णन कीजिये ।

8. 1947 में स्थापित प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट ग्रुप के कार्यों के विषय में आप क्या विचार हैं?विस्तार से लिखिए।

9. सूज़ा को धार्मिक विषयों के साथ लैंडस्केप चित्र बहुत प्रिय थे। अपने चित्रों में उन्होंने और किन विषयों का प्रयोग किया है? उल्लेख कीजिये।

10. रेखाओं को सुलेख कला के द्वारा रंगों के साथ सुनियोजित किया जाता है। सुलेख कला का अपने शब्दों में औचित्य सिद्ध कीजिये।